

# ए-लाइन कुर्ता


**अगर आप अपने लिए एक स्टाइलिश ए-लाइन कुर्ता बनाना चाह रहे हैं, तो यह ट्यूटोरियल आपके लिए है।**
















## सामग्री की सूची

3 मीटर कपड़ा
नेक फेसिंग के लिए 1/2 मीटर सूती कपड़ा
ए-लाइन कुर्ता का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
पानी से मिटने वाला मार्कर
स्केल
मापने का फीता
कैंची
बीडिंग पिंस
और मैचिंग धागा

इस ट्यूटोरियल में आप सीखेंगे कि टेम्पलेट का उपयोग करके कुर्ते का फ्रंट, बैक और आस्तीन के पीस कैसे काटें, फेसिंग स्ट्रिप्स कैसे बनाएं, फ्रंट और बैक के पीस को एक साथ कैसे सिलें, फेसिंग स्ट्रिप को नेकलाइन से कैसे जोड़ें, आस्तीन को कैसे जोड़ें, साइड सीम को कैसे फिनिश करें, स्लिट्स को कैसे हेम करें और अंत में नेकलाइन को कैसे फिनिश करें।

## चरण 1: टेम्पलेट का निशान लगाना और काटना

अपनी पसंद का कोई कपड़ा लें, इसे ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार लम्बाई मे मोड़ें। अब, कपड़े के उल्टी साइड पर ए-लाइन कुर्ता का  फ्रंट टेम्पलेट रखें। सुनिश्चित करें कि कपड़े का तह टेम्पलेट के मुड़े हुए तह के निशान से मैच करता हो।

अब हमें कपड़े पर इस टेम्पलेट को रख के पिन लगा देना है। कुछ बीडेड पिंस लें और पूरे टेम्पलेट को रख के पिन लगा दें। ये करने के बाद, मार्किंग पेन से कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। फिर टेम्पलेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें। कैंची लें और लगाए हुए निशानो के अनुसार काटें, काटते समय ध्यान से काटें क्योंकि यह आपके पैटर्न को बना या बिगाड़ सकता है।

अब बचे हुए कपड़े को लें और इसे आधे हिस्से में इस तरह से मोड़ें कि इसका सीधा साइड आमने-सामने हो। कपड़े के ऊपर आस्तीन का टेम्पलेट रखें और इसमें बीडेड पिंस लगा दें।





ये करने के बाद, टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें और फिर टेम्पलेट मे से पिन निकाल लें। टेम्पलेट को अलग रखें और काटने के लिए कपड़े पर फिर से पिन लगा दें ताकि यह अपनी जगह पे रहे। इसके बाद कैंची लें और लगाए हुए निशान के अनुसार काट लें।


काटे हुए आस्तीन के कपड़े से पिन निकालें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार आपके पास दो आस्तीन के पीस होने चाहिए।




सूची में अगला नंबर नेकलाइन को अच्छा फ़िनिश देने के लिए फेसिंग स्ट्रिप्स बनाना है। कोई भी मैचिंग कपड़ा लें, उसे आधे मे मोड़ें और टेबल पर बिछा दें। इसके बाद ए-लाइन कुर्ता का फ्रंट टेम्प्लेट लें और दिखाए अनुसार इसे कपड़े पर रखें। संक्षिप्त मे, यह नेकलाइन का फ्रंट भाग है और यह कंधे है। हमें इन दोनों भाग के अनुसार कपड़े पर निशान लगाना है। ये करने के बाद, टेम्पलेट को हटा दें और मापने का फीता लें। निशान लगाए गए फ्रंट नेकलाइन से ठीक डेढ़ इंच नापें और निशान लगा लें। ट्यूटोरियल में दिखाई अनुसार लगाए गए निशानों पर सब जगह ऐसा करें। अब रूलर लें और निशान लगाए हुए बिंदुओं के अनुसार एक सीधी लाइन खींचे। फिर कपड़े पर पिन लगा दें और कपड़े से स्ट्रिप काट लें।





बैक टेम्प्लेट पर भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। यह गर्दन के पीछे का हिस्सा है इसलिए इसमे गोलाई है। नेकलाइन और कंधे का निशान लगाएं। टेम्पलेट निकालें और फिर घुमावदार नेकलाइन से 1.5 इंच पर निशान लगाने के लिए मापने वाले फीता का उपयोग करें। ये करने के बाद, लगाए हुए निशानों की सहायता से घुमाव बनाने के लिए अपने हाथों का इस्तेमाल करें। फिर कपड़े पर पिन लगाएं और बैक-फेसिंग स्ट्रिप को काट लें। हमारे दो स्ट्रिप्स इस तरह दिखने चाहिए।





## चरण 2: फ्रंट और बैक पीस को जोड़ना





अब हमें कुर्ते के फ्रंट और बैक पीस को एक साथ जोड़ना है। कुर्ते के फ्रंट साइड भाग के सीधे साइड को ऊपर की ओर कर के टेबल पर रखकर शुरू करें, और फिर इसके ऊपर बैक साइड को रखें, सीधी साइड आमने-सामने हो। दोनों कंधों को एक साथ कर के पिन लगा दें। अब सिलने का समय है। पिन किए गए पीस को अपने उषा जनोम एल्योर डीलक्स सिलाई मशीन पर ले जाएं। इसके बाद पैटर्न स्टिच सिलेक्टर डायल को A पर जो स्ट्रेट स्टिच के लिए है और स्टिच लेंथ डायल को 2.5 सेट करें। कंधे के किनारे को प्रेस्सेर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। शुरू में और अंत में टांके को लॉक करने के लिए रिवर्स टाँके लगाना न भूलें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। अतिरिक्त धागे को काटें और दूसरे कंधे को सिलें। हमने दोनों कंधों को सिल लिया है।






## चरण 3: नेक फेसिंग स्ट्रिप तैयार करना और इसे नेकलाइन से जोड़ना



















इसके बाद फ्रंट और बैक-फेसिंग स्ट्रिप लें और इनमे से पिन निकल लें। इन्हें खोलें। अब बैक स्ट्रिप को फ्रंट स्ट्रिप पर रखें, सीधा साइड आमने-सामने हो, और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार कंधे को एक साथ पिन लगा दें।

पिन लगाए हुए फेसिंग स्ट्रिप को सिलाई मशीन पर ले जाएं। सिलना शुरू करें। जैसे ही आप सिलना शुरू करें पिन को निकाल लें और रिवर्स टांके लगाना न भूलें। ये इस तरह की एक छोटी स्ट्रिप के लिए भी महत्वपूर्ण है। दूसरी तरफ भी इसी तरह सिलें।


ये करने के बाद, हम फेसिंग स्ट्रिप्स को कुर्ते के पीस से जोड़ेंगे। यह हमारी कंधे की लाइन है और यह नेकलाइन है जहां स्ट्रिप्स को जोड़ा जायेगा। कुर्ते को मोड़ें ताकि कुर्ते का सीधा भाग आपके सामने हो और दिखाए अनुसार स्ट्रिप को इसके ऊपर रखें, सीधी साइड आमने-सामने हो। कोनों को संरेखित करें और इनमें पिन लगा दें। अब हम ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार फेसिंग स्ट्रिप को  कुर्ते मे सिलेंगे। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। ये करने के बाद, वी नेक के थोड़ा ऊपर और पुरे घुमावदार बैक पर स्लैश करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पहनने के बाद कपड़ा अच्छी तरह से फिट बैठे। ध्यान रखें कि नये टांके के जरा सा नीचे काटें, ऊपर न काटें। ये करने के बाद, ट्यूटोरियल मे दिखाए अनुसार स्ट्रिप को पलटले और स्ट्रिप पर टॉप स्टिच लगाएं। ऐसा नेक के सब तरफ करें। आपके टाँके इस तरह दिखने चाहिए। अभी के लिए नेकलाइन को ऐसे ही छोड़ दें।

## चरण 4: आस्तीन को जोड़ना














सूची में अगला नंबर आस्तीन को जोड़ना है। कुर्ते का सीधा साइड ऊपर की ओर कर के रखें और उसके बगल में आस्तीन रखें। अब आस्तीन को आधे मे मोड़ें और आस्तीन के केंद्र में एक नॉच बनाएं। आस्तीन को कुर्ते के ऊपर रखें, सीधी साइड आमने-सामने हो, ओर नॉच को कंधे की लाइन से संरेखित कर के पिन लगा दें। पूरे आस्तीन के घुमाव पर पिन लगा दें।


हम दूसरी साइड भी इसी प्रक्रिया को दोहराएंगे। आस्तीन को आधे में मोड़ें, नॉच बनाएं, इस नॉच को कंधे की लाइन से मिलाएं और इनमें पिन लगा दें। ये करने के बाद, इन पिन किए गए पीस को एक साथ जोड़ दें। आस्तीन के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें, सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। जब एक साइड हो जाए तो दूसरी साइड भी यही प्रक्रिया दोहराएं।









## चरण 5: साइड सीम, स्लीव हेम और बॉटम हेम को फिनिश करना


आस्तीन जोड़ने के बाद, हम साइड सीम पर काम करेंगे, आस्तीन के आर्महोल पॉइंट को जोडें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार पिन लगा दें। जब आप हिप्स तक पहुंच जाए तो रुके क्योंकि हमें साइड स्लिट को भी देखना है। कुर्ते के बॉटम हेम से 19 इंच मापें और निशान लगा लें।

स्लिट की गहराई हर व्यक्ति के हिसाब से अलग-अलग होती है। हमने 19 इंच का माप लिया है लेकिन आप इसे अपनी जरुरत के अनुसार बदल सकते हैं। दूसरी साइड भी 19 इंच पर निशान लगा लें और साइड स्लिट के ऊपर कपड़े पर पिन लगा दें।

अब पिन किए गए साइड सीम को सिलने का समय है। आस्तीन हेम को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। रिवर्स टांके से सिलाई को लॉक करना न भूलें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। साइड स्लिट मार्क तक सिलने के बाद रुकें। दूसरी तरफ शिफ्ट करें और आस्तीन के निचले भाग से निशान तक सिलाई करें।


दोनों तरफ सिलने के बाद, हम किनारों को खुलने से रोकने के लिए साइड सीम पर ज़िग ज़ैग टांके लगाएंगे। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और स्टिच लेंथ डायल को 1.5 पर सेट और सिलाई शुरू करें। यह प्रक्रिया बार-बार करने वाली लग सकती है लेकिन यह आपके कपड़े को अच्छा फिनिश देती है। स्लिट की शुरुआत से शुरू करें और दोनों तरफ आस्तीन तक सिलाई करें। हम आस्तीन पर भी ज़िग-ज़ैग टांके लगाएंगे। ये करने के एक बाद, आपके टांके इस तरह दिखने चाहिए।

अब हम साइड्स मे हेमिंग करेंगे, इसे एक निरंतर सिलाई में करना है। हम आपको दिखाएंगे कि कैसे। फ्रंट पीस के नीचे शुरू करें, कपड़े को अंदर की तरफ आधा इंच दो बार मोड़ें और मुडे हुए हिस्से को प्रेसर फुट के नीचे रखें। लेकिन सिलने से पहले, पैटर्न स्टिच सिलेक्टर को स्ट्रेट स्टिच जो A है और स्टिच लेंथ को 2.5 पर रीसेट करें। सिलाई शुरू करें और विपरीत छोर के स्लिट तक सिलते रहें। फ्रंट कपड़े से बैक कपड़े तक सिलने के लिए पिवट तकनीक का उपयोग करें। इस तकनीक में सुई को उठाए बिना कपड़े को मोड़ा जाता है। बैक पीस तक सिलें। जब आप बैक के निचले किनारे पर आएं, तो अतिरिक्त कपड़े को काटें और दिखाए अनुसार कच्चे किनारे को मोड़ें और सिलना जारी रखें और सिलने के साथ-साथ कपड़े को मोड़ते रहें। बैक पीस के दूसरे किनारे पर दिखाए अनुसार किनारों को मोड़ें और पाइवोट करते हुए सिलें। फ्रंट स्लिट तक पिवोट करें ओर फिर आपने जहां से शुरू किया था वहां तक सिलें। ये सिर्फ इसलिए कि सिलाई को बीच मे न छोड़ें और एक ही सिलाई में हेमिंग को पूरा करें। बहुत अच्छे!





इसके बाद हम आस्तीन को हेम करेंगे, जो नीचे वाले हेम की तुलना में बहुत आसान है। आस्तीन को अंदर की तरफ दो बार आधा इंच मोड़ें। लेकिन सिलाई करने से पहले, घुमावदार सीम को आसानी से सिलने के लिए मशीन के सहायक बॉक्स को हटा दें। आस्तीन को हेम करना शुरू करें। ये करने के बाद, अतिरिक्त धागे को काट लें और दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। कुर्ते को अच्छा फिनिश देने के लिए अतरिक्त धागो धागो को काटना न भूलें और कपड़े में टांको को सेट करने के लिए सीम को इस्त्री करें।



## चरण 6: नेकलाइन को फिनिश करना

इस प्रक्रिया में अंतिम चरण नेकलाइन को हेम करना है, हम इसके लिए हांथ की सिलाई का उपयोग करेंगे। दिखाए अनुसार फेसिंग स्ट्रिप को अंदर की तरफ उलटी ओर मोड़ें और किनारे को हांथ से सिलें। इसे पूरी नेकलाइन पर करें, सिलते समय मोड़ते रहें। और ये हो गया!



आपका कुर्ता सिलने के बाद ऐसा दिखना चाहिए। क्या यह बिल्कुल परफेक्ट नहीं लग रहा? आरामदायक, स्टाइलिश और सजीला, किसी के लिए भी एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन। हमें बताये कि आप इसके बारे मे क्या सोचते हैं और लाइक, कमेंट और सबस्क्राइब करना न भूलें।